# आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 04.03.2026 समय : 18.30 पीएम

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिमी एशिया संकट के मद्देनर खाड़ी देशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा की प्रतिबद्धता दौहराई।**

- **रायसीना संवाद–2026 कल से नई दिल्ली में – फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब मुख्य वक्ता होगें।**

- **उपमुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा ने राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में शिरकत की–विकास के लिए सुरक्षित औद्योगिक वातावरण जरूरी बताया।**

- **प्रदेशभर में आज भी धुलण्डी का उल्लास–अनेक स्थानों पर रंगोत्सव के आयोजन।**

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिमी एशिया संकट को देखते हुए पिछले दो दिनों में कई वैश्विक नेताओं से बातचीत की है। श्री मोदी ने फोन पर यूएई, इजराज, सऊदी अरब, जोर्डन, बहरीन, ओमान, कुवैत और कतर के नेताओं से बातचीत की। श्री मोदी ने बदलते वैश्विक हालात पर गहरी चिंता जताई। साथ ही शांति सुरक्षा और लोगों की भलाई के लिए अपने सहयोग की प्रतिबद्धता दौहराई। प्रधानमंत्री ने खाड़ी देशों में रह रहे भारतीय समुदाय की देखभाल और सुरक्षा के लिए इन देशों के प्रमुखों का आभार जताया। प्रधानमंत्री ने इन देशों के साथ अपने संबंधों का हवाला देते हुए कहा कि भारत शांति और स्थिरता की वकालत करता है। भारतीय समुदाय की सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

विदेश मंत्रालय ने पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र की मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। इसके अलावा संघर्ष के क्षेत्र में भारतीय दूतावासों ने सुरक्षा उपायों और वहां से लोगों के निकलने के संभावित उपायों में मदद के लिए चौबीसों घंटे आपात हेल्पलाइन भी शुरू की है।

पश्चिमी एशिया में जारी संघर्ष के कारण फंसे यात्रियों की आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए भारतीय विमान कंपनियों की आज 58 उड़ानें संचालित करने की योजना है। नागर विमानन मंत्रालय ने बताया कि इनमें इंडिगो की 30 और एयर इंडिया तथा एयर इंडिया एक्सप्रेस की 23 उड़ानें शामिल हैं। मौजूदा स्थिति के कारण भारतीय विमानन कंपनियों की एक हजार दो सौ 21 और विदेशी एयरलाइंस की तीन सौ 88 उड़ानें रद्द हो चुकी हैं।

अमरीका स्थित मानवाधिकार कार्यकर्ता समाचार एजेंसी–एच आर ए एन ए ने बताया है कि 28 फरवरी से पश्चिम एशिय़ा में चल रहे संघर्ष में ईरान में अब तक एक हजार 97 नागरिक मारे गए हैं। इस बीच तनाव और युद्ध के कारण नागौर जिले के एक युवक की मौत हो गई। ये युवक ओमान के खासब पोर्ट पर खडे जहाज में तैनात था और ईरान की ओर से दागी गई मिसाइल का शिकार हो गया। नागौर जिले के खींवताना गांव के निवासी दलीप सिंह ने जनवरी महीने में ही मर्चेन्ट नेवी में ड्यूटी जॉइन की थी।

000

नई दिल्ली में कल से रायसीना संवाद 2026 का आयोजन किया जा रहा है। विदेश मंत्रालय, स्वतंत्र थिंक टेंक और आर्वजर्वर रिसर्च फाउण्डेशन–ओआरएफ की ओर से इसका आयोजन 7 मार्च तक किया जाएगा। ये संवाद भारत का फ्लैगशिप रणनीतिक फोरम बन गया है जो हर साल वैश्विक नेताओं, मंत्रियों और सुरक्षा विशेषज्ञों को आकर्षित करता है। रायसीना संवाद पर और ब्यौरा दे रही हैं न्यूज डेस्क से हमारी सहयोगी डॉ. सालेहा गाजी–

000

राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का राज्य स्तरीय समारोह आज जयपुर में लोक प्रशासन संस्थान में मनाया गया। उद्योगों में सुरक्षा को बढ़ाने और कार्यस्थलों पर सुरक्षा के प्रति जागरूकता के लिए ये दिन मनाया जाता है। उपमुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा ने राज्य स्तरीय समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि विकास के लिए सुरक्षित औद्योगिक वातावरण बहुत जरूरी है। सुरक्षित कार्यस्थल ही औद्योगिक विकास की आधारशिला है। श्री बैरवा ने उद्योगों में सुरक्षा संस्कृति अपनाने को समय की आवश्यकता बताया। उन्होंने कहा कि सुरक्षित कार्यस्थल उद्योगों की उत्पादकता बढ़ाने के साथ ही श्रमिकों की जीवन सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा नियमों की कड़ाई से पालना करने और समय रहते संभावित खतरों का आकलन करने को दुर्घटनाओं की रोकथाम में सहायक बताया।

कार्यक्रम में कारखाना सुरक्षा पुरस्कार योजना के तहत औद्योगिक सुरक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाली 15 इकाइयों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सुरक्षा जागरूकता पुस्तिका का भी विमोचन किया गया।

000

रंगों का त्योहार होली आज भी प्रदेशभर में मनाया जा रहा है। ये दिन वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। इस दिन लोग एक–दूसरे को रंग–गुलाल लगाकर, आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाते हैं। एक दूसरे का मुंह मीठा करवाकर होली पर्व की शुभकामनाएँ देते हैं। पिचकारियों से निकलता रंगीन पानी बच्चों में उत्साह और उमंग भरता है। इसके साथ ही चंग–डफ की थाप पर समूचे वातावरण में होली के गीतों की गूंज छायी रहती है। जो माहौल को खुशनुमा बनाती है।

..................

अनेक स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखे जाते हैं। धार्मिक स्थलों पर होली के अवसर पर रंगोत्सव की विशेष झांकियां सजाई जाती है। डीग–भरतपुर में फूलों के साथ लटठ्मार होली भी खेली जाती है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में होली पर्व पर कई तरह की अनूठी परम्पराएं भी प्रचलित है। प्रदेश भर में होली को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। भीलवाड़ा में भगवान देवनारायण की जन्मस्थली मालासेरी में गैर नृत्य के आयोजन रखे गये हैं। उधर कोटपूतली–बहरोड़ में पर्यावरण संरक्षण के प्रतीक संत टीलाजी महाराज की तपोस्थली पर पेड़–पौधों की पूजा कर होली की वर्षों पुरानी परम्परा निभाई जा रही है। करौली में इस बार पर्यावरण अनुकूल तिलक होली का चलन भी उत्साह के साथ देखने को मिल रहा है। धूलण्डी पर्व पर कोटा में भी रंगों की धूम रही। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने रंग–गुलाल के साथ गीत–संगीत का जमकर आनन्द लिया।
बड़ी संख्या देशी–विदेश सैलानी राजस्थान के पर्यटन स्थलों पर होली पर्व का आनन्द लेने के लिए पहुंचे हैं। विदेशी सैलानियों ने होली पर्व को यादगार अनुभव बताया।

.............

राजधानी जयपुर में आज मुख्यमंत्री निवास पर होली स्नेह मिलन समारोह रखा गया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने समारोह में प्रदेशभर से आये लोगों के साथ होली के उल्लास के रंग साझा किये। सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने होली की बधाई देते हुए सभी के जीवन में सुख–शांति और समृद्धि की कामना की।

होली पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रदेशभर में पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। विभिन्न स्थानों पर पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर शांतिपूर्ण तरीके से होली पर्व मनाने की अपील की।

000

हर साल 8 मार्च को मनाये जाने वाले अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में आयोजित सप्ताह के तहत प्रदेशभर में कई गतिविधियां हो रही हैं। महिला अधिकारिता विभाग की ओर से विभिन्न आयोजन किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में पाली में आज मीडिया कार्यशाला के माध्यम से सरकार की विभिन्न योजनाओं का प्रचार–प्रसार किया गया। विभाग के उपनिदेशक भागीरथ चौधरी ने बताया कि कल सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर महिलाओं और बालिकाओं की एनीमिया जांच की जाएगी। वहीं आत्मरक्षा प्रशिक्षण गतिविधियां भी होगी।

.............

महिला दिवस के मौके पर राजधानी जयपुर में दो दिवसीय कार्यक्रम **शक्ति वंदन** रखा गया है। जवाहर कला केन्द्र में होने वाले इस कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण से जुड़ी हस्तियां और विशेषज्ञ

जुटेगें। इस अवसर पर शक्ति कवच अभियान के तहत 14 वर्ष की 1000 से अधिक बालिकाओं को निःशुल्क एच.पी.वी. टीका लगाया जाएगा।

000

प्रदेश में गर्मी के बढ़ते असर के बीच पारा दिनोदिन बढ़ता जा रहा है। पश्चिमी इलाके में दिन के समय झुलसाने वाली गर्मी का प्रभाव देखा जा रहा है। सबसे अधिक तापमान आज बाड़मेर में रहा, यहां **पारा 38 दशमव 8 डिग्री** सेल्सियस के पास पहुंच गया। धूप की तपिश के कारण दिन के समय सड़कों और बाजारों में लोगों की आवाजाही काफी कम हो गई है। वहीं जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, पाली, चूरू, नागौर, चित्तौडगढ़ और **डूंगरपुर** सहित कई जिलों में अधिकतम **तापमान 36** डिग्री सेल्सियस से अधिक मापा गया। ज्यादातर स्थानों पर दिन का तापमान इन दिनों **32** डिग्री सेल्सियस से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है। प्रदेश में अगले दो–तीन दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी होने की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले तीन–चार दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की बढोतरी का पूर्वानुमान जताया है। इसके साथ ही लोगों को दोपहर के समय तेज धूप से बचने और पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह दी है।

000

आईसीसी टी20 क्रिकेट विश्व कप का पहला सेमीफाइनल आज शाम दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। यह मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शाम 7 बजे से शुरू होगा। दूसरे सेमीफाइनल में कल भारत का सामना मुंबई में इंग्लैंड से होगा। दोनों मैचों के विजेता 8 मार्च को अहमदाबाद में खिताबी मुकाबला खेलेंगे।

000

**भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण–जीएसआई** आज अपना 176वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर हैदराबाद में एक राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय जरूरतों को पूरा करने के लिए आवश्यक खनिज–खोज में तेजी लाने में जीएसआई की भूमिका पर जोर दिया गया। जीएसआई दुनिया का दूसरा सबसे पुराना भूवैज्ञानिक संगठन है, जो भारत में खनिज अन्वेषण, नवाचार और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण बना हुआ है।

000